DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

'वैज्ञानिक धारणाओं का संरक्षण जरूरी'

देहरादून। दून विवि के स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज ने बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पृथ्वी की सुरक्षा और सुधार के लिए संलग्न होने की जरूरत है। हमें समझना चाहिए कि हमारे साहित्यिक और वैज्ञानिक धारणाओं का अद्यतन और संरक्षण कितना महत्वपूर्ण है। छात्रों के लिए ट्रेजर हंट, क्विज, पोस्टर प्रस्तुति और वैज्ञानिक मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूरबीन और सूक्ष्मदर्शी पर प्रदर्शनी भी लगाई गई। संवाद

News paper – Amar Ujala
Date – 29.02.2024